ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 260

बिना स्वीकृति बन गया शानदार रिसॉर्ट, अफसरों ने नींद से जागते ही कर दिया उदय नेचर वेली सीज!!



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के राजस्व ग्राम बुझड़ा के पास कोड़ियात में उदयपुर विकास प्राधिकरण (UDA) ने कार्रवाई करते हुए उदय नेचर वेली रिसॉर्ट को सीज कर दिया। कार्रवाई नियमों से परे किए गए निर्माण और व्यवसायिक गतिविधियों को लेकर की गई। UDA कमिश्नर राहुल जैन की ओर से मीडिया को बताया गया कि कार्रवाई सचिव हेमेन्द्र नागर और उपायुक्त सुरेन्द्र बी. पाटीदार की निगरानी में की गई। कमिश्नर के अनुसार, राजस्व ग्राम बुझड़ा के आराजी संख्या 07 से 20, 30, 39 से 41 और 44 में आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत जमीन पर बिना अनुमति और बिना उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया के रिसॉर्ट और होटल का निर्माण कर दिया गया। UDA की टीम ने मौके पर जाकर अवैध व्यवसायिक निर्माण को सीज कर दिया। कार्रवाई में तहसीलदार रणजीतसिंह विठू, अधिकारी सुरपालसिंह सोलंकी, बाबूलाल तावड सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कमिश्नर जैन ने बताया कि रिसॉर्ट और होटल का संचालन यशपाल पुत्र लक्ष्मणसिंह और परिणीती पत्नी अभिमन्यु सिंह द्वारा किया जा रहा था। नियम उल्लंघन के खिलाफ उदयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम-2023 की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के जवाब में निर्माणकर्ताओं ने व्यावसायिक स्वीकृति के कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। यह कार्रवाई उस गंभीर सवाल को भी सामने ला रही है कि जब यह रिसॉर्ट बनाया जा रहा था, तब UDA के वरिष्ठ अफसर क्यों मौन थे या उनकी जवाबदेही क्यों सुलझी नहीं। क्या यह लापरवाही थी, अथवा किसी आर्थिक या राजनीतिक लाभ के कारण अफसरों ने आंखें मूंदी रखीं? रिसॉर्ट निर्माण की गतिविधियों के बीच ही यह कार्रवाई आखिर क्यों नहीं की गई। रिसोर्ट बनने के बाद बकायदा इसकी ओनलाइन मार्केटिंग हो रही है, विज्ञापन हो रहे हैं तब भी नजर नहीं गई ये जांच का विषय है। UDA की इस कार्रवाई ने न केवल नियमों के उल्लंघन को उजागर किया है, बल्कि यह शहर और ग्रामीण विकास के नियामक ढांचे की कमजोरी को भी सामने ला रहा है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अफसरों पर किसी तरह की सख्त कार्रवाई होगी या फिर वे उसी तरह से मजे लेते रहेंगे। पहले आंख मूंद कर कमाई करने के मजे व बाद में आंख खोल कर कार्रवाई करने के मजे। क्या यह मामला भी कोर्ट में जाकर उसी अंजाम तक पहुंचेगा जिस प्रकार से अन्य रिसोर्ट में हो रहा है। बड़ा सवाल कि यूडीए आखिर सूची ओनलाइन जारी क्यों नहीं करता कि उदयपुर में कितने रिसोर्ट हैं जिनको परमिशन मिली हुई है। इस पर पर्देदारी पर संदेह की उंगली यूडीए अफसरों पर उठती है।

उदयपुर में पुलिस का बड़ा क्राइम ऑपरेशनः अलसुबह 807 ठिकानों पर एक साथ दबिश, 289 अपराधी दबोचे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले में अपराधियों की कमर तोड़ने और एरिया डोमिनेंस स्थापित करने के उद्देश्य से उदयपुर पुलिस ने शुक्रवार अलसुबह इतिहास का सबसे बड़ा समन्वित ऑपरेशन अंजाम दिया। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज श्री गौरव श्रीवास्तव एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिलेभर में एक साथ 807 स्थानों पर दबिश देकर कुल 289 अपराधी एवं आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई से जिले के अपराध जगत में हड़कंप मच गया। अभियान के तहत जिले में अपराधों की रोकथाम, वांछित अपराधियों की धरपकड़, रेड एवं एरिया डोमिनेंस की कार्यवाही के लिए सभी वृताधिकारियों व थानाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसके परिणामस्वरूप 24 जनवरी 2026 को तड़के आकस्मिक चेकिंग अभियान शुरू किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री उमेश ओझा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा श्रीमती अंजना सुखवाल के सुपरविजन में जिले के समस्त वृताधिकारियों के नेतृत्व में 101 से अधिक पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में 463 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवान शामिल रहे, जिन्होंने एक साथ जिलेभर में दबिश की। पुलिस कार्रवाई के दौरान आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती जैसे जघन्य अपराधों में वांछित 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 36 स्थाई वारंटियों, 22 गिरफ्तारी वारंटों तथा एक अभियुक्त को धारा 299 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर लंबे समय से लंबित मामलों का निस्तारण किया गया। सामान्य प्रकरणों में वांछित 15 अभियुक्तों को भी पुलिस ने दबोचा। निरोधात्मक कार्रवाई के तहत नवीन विधिक प्रावधानों के अनुसार 188 व्यक्तियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 170, 172 एवं 129 के तहत पाबंद किया गया। इसके साथ ही माइनर एक्ट के तहत 25 प्रकरण दर्ज कर 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी अधिनियम में 16 प्रकरण दर्ज कर 9 अभियुक्तों, एनडीपीएस एक्ट में 3 प्रकरण दर्ज कर 2 अभियुक्तों (जिनसे 11 ग्राम एमडी व 443 ग्राम गांजा बरामद किया गया), आर्म्स एक्ट में 4 प्रकरण दर्ज कर 4 अभियुक्तों तथा अन्य अधिनियमों में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के 70 हिस्ट्रीशीटरों के घर दबिश देकर उनसे गहन पूछताछ भी की गई। जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल ने बताया कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा

8 आठ माह से फरार आरोपी दीपक सिंह गिरफ्तार, 55 किलो गांजा कांड में अहम कड़ी हाथ लगी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत उदयपुर पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना घंटाघर की टीम ने गांजा तस्करी के एक बड़े प्रकरण में पिछले आठ महीनों से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी न केवल पुराने प्रकरण की कड़ी जोड़ती है, बल्कि संगठित नशा तस्करी नेटवर्क पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री उमेश ओझा तथा वृत्ताधिकारी नगर पश्चिम श्री राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी घंटाघर श्री कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दी। पुलिस के अनुसार, थाना अंबामाता में दर्ज एक गंभीर एनडीपीएस प्रकरण में गांजा की खरीद–फरोख्त में संलिप्त आरोपी दीपक सिंह लंबे समय से फरार चल रहा था। उल्लेखनीय है कि दिनांक 8 अप्रैल 2025 को थाना अंबामाता पुलिस ने एकलव्य कॉलोनी क्षेत्र में दबिश देकर विशाल रावत, विजय मीणा, किशन और दिनेश के कब्जे से 55 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया था। इस मामले की जांच में सामने आया था कि उक्त गांजा की खरीद–फरोख्त में दीपक सिंह की सक्रिय भूमिका रही, जिसके बाद से वह फरार था।

लगातार तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र और पुराने आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर घंटाघर थाना पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और उसे दबोचने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है, जिससे गांजा तस्करी के नेटवर्क, सप्लाई चेन और अन्य संलिप्त व्यक्तियों के बारे में अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

गिरफ्तार आरोपी का विवरण

दीपक सिंह पिता विजय सिंह, निवासी पड़ावली, पुलिस थाना ओगणा, हाल निवासी एकलव्य कॉलोनी, पुलिस थाना अंबामाता, जिला उदयपुर। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी दीपक सिंह के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिससे उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

श्री कर्मवीर सिंह, थानाधिकारी, घंटाघर
श्री अर्जुन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक
श्री ईशाक मोहम्मद, सहायक उपनिरीक्षक
श्री सत्यपाल, हैड कांस्टेबल 52
श्री सोहन सिंह, कांस्टेबल 1297
श्री हरिसिंह, कांस्टेबल 17
श्री रामप्रताप, कांस्टेबल 72

इंडिगो ने 16 एयरपोर्ट्स पर 717 फ्लाइट स्लॉट्स छोड़ेः मुंबई में 236 और दिल्ली में 150 उड़ानें कम हुईं, कोहरे के कारण DGCA ने दिया था आदेश



24 न्यूज अपडेट

अगले कुछ दिनों में अगर आप इंडिगो से कहीं जाने का प्लान कर रहे हैं तो आपको फ्लाइट के ऑप्शन कम मिलेंगे। क्योंकि, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने भारत के अलग-अलग डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स पर अपने 717 स्लॉट्स सरेंडर कर दिए हैं।

यह कदम डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) के उस फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें ऑपरेशनल दिक्कतों और सर्दियों में कोहरे के कारण होने वाली देरी को देखते हुए इंडिगो के विंटर शेड्यूल में कटौती की गई थी। एविएशन मिनिस्ट्री ने संसद में यह डेटा शेयर किया है।

मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट पर सबसे ज्यादा असर

इंडिगो ने कुल 16 एयरपोर्ट्स पर अपने स्लॉट्स छोड़े हैं। इसमें सबसे ज्यादा 236 स्लॉट्स मुंबई एयरपोर्ट पर कम हुए हैं। इसके बाद दिल्ली का नंबर आता है, जहां 150 स्लॉट्स सरेंडर किए गए हैं। बेंगलुरु में 84, हैदराबाद में 68 और पुणे में 48 स्लॉट्स छोड़े गए हैं। `मंत्रालय के मुताबिक, गोवा, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता और जयपुर जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ श्रीनगर, पटना, रांची और रायपुर जैसे छोटे एयरपोर्ट्स पर भी फ्लाइट्स कम हुई हैं।

अगले 4 दिन बंद रहेंगे बैंक, निपटा लें जरूरी काम, वरना होगी परेशानी



24 न्यूज अपडेट

गर आपने अभी तक बैंक से जुड़े जरूरी काम नहीं निपटाए हैं, तो अब आपको कुछ दिन इंतजार करना पड़ सकता है. देशभर के बैंक लगातार चार दिन तक बंद रहने वाले हैं. बैंक यूनियनों ने 27 जनवरी 2026 को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है, जिससे बैंकिंग सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका है. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) और ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (AIBOA) ने संयुक्त रूप से 27 जनवरी को अखिल भारतीय बैंक हड़ताल की घोषणा की है. यूनियनों की प्रमुख मांगों में सप्ताह में पांच दिन कामकाज की व्यवस्था लागू करना, वेतन संशोधन और कर्मचारियों से जुड़े अन्य लंबित मुद्दों का समाधान शामिल है. सरकारी बैंक पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में बैंक यूनियनों की मांगों का समर्थन किया है. हालांकि, बैंक ने यह भी कहा है कि ग्राहकों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं. इसके बावजूद शाखाओं और कार्यालयों में कामकाज प्रभावित हो सकता है.

चांदी इस हफ्ते 35,815 बढ़कर 36 लाख पर पहुंचीःसोना 12,717 महंगा होकर 1.54 लाख हुआ, देखें अपने शहर के सोने के दाम



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में बढ़त रही। सोना 12,717 रुपए बढ़कर 1,54,310 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 16 जनवरी, शुक्रवार को 1,41,593 रुपए पर था। वहीं चांदी 2,81,890 किलो से बढ़कर 3,17,705 रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 35,815 रुपए बढ़ी है। इस साल सिर्फ 23 दिनों में सोना 21,115 रुपए और चांदी 81,285 रुपए महंगी हो चुकी है।

संपादकीय : शांति के खिलाफ

पिछले कुछ समय से मणिपुर में जिस तरह हालात थोड़े काबू में दिख रहे हैं, उसके मद्देनजर यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अब शायद वहां शांति और स्थिरता लौट सकेगी। मगर बुधवार को एक व्यक्ति की हत्या के बाद फिर से शांति की उम्मीद के धुंधलाने की आशंका खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि मणिपुर के अशांत चुराचांदपुर जिले में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति को अगवा कर लिया, फिर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उस इलाके में तनाव फिर बढ़ गया। गुरुवार को हत्या के विरोध में काकचिंग खुनी लामखाई क्षेत्र में लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया और वाहनों की आवाजाही बाधित कर दी । जाहिर है, काफी जद्दोजहद के बाद राज्य में जो हालात थोड़े नियंत्रण में आते दिख रहे थे, उसके फिर बिगड़ने की स्थिति बन रही है। खबरों के मुताबिक, काकचिंग जिले के एक मैतेई युवक की शादी चुराचांदपुर की कुकी जनजाति की युवती से हुई थी। स्थानीय समूहों ने युवक को पत्नी के साथ रहने की इजाजत दे दी थी। मगर इसके बाद अचानक ही कुछ लोगों अगवा कर युवक की हत्या कर दी। अपहरणकर्ताओं के एक उग्रवादी कुकी समूह से जुड़े होने का संदेह है। हालांकि इस घटना की जांच का जिम्मा एनआइए को दे दिया गया है और निष्कर्ष आने के बाद ही हकीकत सामने आएगी। मगर हत्या के पीछे उन तत्त्वों का हाथ होने की आशंका है, जो नहीं चाहते कि राज्य में शांति फिर से पटरी पर लौटे। आपस में दो विरोधी समुदायों के युवक-युवती की शादी के बाद जब स्थानीय समूहों ने दोनों को साथ रहने की अनुमति दे दी थी, तो वह पहल सामुदायिक स्तर पर भी सद्भाव की वापसी की एक कड़ी बन सकती थी । इसके बाद दोनों समुदायों के बीच सहमति आधारित समाधान की राह की तलाश करने में मदद मिल सकती थी। मगर वे कौन लोग हैं, जिन्हें इस पर आपत्ति हुई और उन्होंने अपहरण करके युवक की हत्या कर दी ? साफ है कि इस घटना को अंजाम देने वालों का मकसद फिर से दोनों समुदायों के बीच अशांति और हिंसा को भड़काना है। निश्चित रूप से एक व्यक्ति की हत्या भी बेहद दुखद है, लेकिन फिलहाल जरूरत इस बात की है कि किसी भी घटना को अशांति पैदा करने का कारण न बनने दिया जाए। मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजतीय दर्जा देने के मसले पर मई, 2023 में कुकी-जो समुदाय के साथ जो टकराव पैदा हुआ था, उसमें अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों परिवार बेघर हुए। लगातार हिंसा और अराजकता में पिछले कुछ समय से थोड़ी कमी देखी जा रही है, मगर जमीन पर दोनों समुदायों के बीच विभाजन की स्थिति अभी भी बनी हुई है। इसे पाटने के लिए सरकार को हर उस पहल का समर्थन करना चाहिए और कुकी तथा मैतेई समुदाय के बीच समझौते की स्थितियों का निर्माण करना चाहिए, जिससे राज्य में शांति कायम हो सके। इस क्रम में केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार और कई कुकी-जो संगठनों के बीच एसओओ यानी 'सस्पेंशन आफ आपरेशन्स' समझौता हुआ था, जिसका मकसद उग्रवादी समूहों के साथ राजनीतिक संवाद शुरू करना और हिंसा को समाप्त करना है। मगर अब भी कुछ समूह इससे बाहर हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मणिपुर में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में जरूर दिख रही है। और इसके सहारे शांति की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन इस स्थिति में अगर निरंतरता नहीं बनी रही, तो एक छोटी चिंगारी भी हिंसा की आग को फिर से भड़का सकती है।

सुरक्षा के बहाने

बांग्लादेश की ओर से नाहक ही सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर भारत में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 में भाग न लेने के फैसले को खेल भावना के विपरीत माना जा रहा है। खेल भावना शांति, एकता और आपसी सम्मान का प्रतीक है, जो मतभेदों को भुलाकर विभिन्न देशों, उनके खिलाड़ियों और लोगों को भौगोलिक सीमा के दायरे से इतर एक साथ लाती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह सवाल भी चर्चा का विषय बन गया है कि बांग्लादेश का निर्णय क्या वास्तव में सुरक्षा चिंताओं का नतीजा है, या फिर मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अपनी सियासी कुंठा को छिपाने की रणनीति । दरअसल, भारत और खुद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) बांग्लादेश के असुरक्षा संबंधी दावों को खारिज कर चुके हैं। इसके बावजूद अपनी जिद पर अड़े रहने का नुकसान आखिरकार बांग्लादेश को ही झेलना पड़ेगा, न केवल आर्थिक तौर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में साख गिरने के रूप में भी । खेल के जानकारों का मानना है कि इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, अगर शुरू से ही खेल को खेल भावना से जोड़कर देखा जाता। पिछले दो हफ्तों में आइसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कई बार बातचीत की, पर गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े रहे। जबकि, खिलाड़ियों की सुरक्षा का जो मसला उठाया गया है, उसके पीछे मंशा कुछ और ही प्रतीत होती है। माना जा रहा है कि असल में यह फैसला खेल की जमीन पर नहीं, बल्कि भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव की बुनियाद पर लिया गया है, जो खेल भावना के खिलाफ है। यह बात छिपी नहीं है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड लंबे समय से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है और टी20 विश्व कप में भाग न लेने से उसकी दिक्कतें और बढ़ेंगी। हालांकि इस विवाद के बीच बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ियों के बयानों से ऐसे संकेत मिले हैं कि वे भारत में खेलने के इच्छुक हैं। इससे स्पष्ट है कि खेल भावना पर सियासत का रंग चढ़ाया जा रहा है, मगर इसका खमियाजा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को ही भुगतना पड़ेगा ।

वंदे मातरम् के 150 गौरवपूर्ण वर्षः सहेलियों की बाड़ी में पुलिस बैंड की शानदार प्रस्तुति, कल भी होंगे देशभक्ति कार्यक्रम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उदयपुर पुलिस द्वारा आयोजित द्वितीय चरण के कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार शाम सहेलियों की बाड़ी में भव्य एवं भावनात्मक पुलिस बैंड वादन प्रस्तुत किया गया। देशभक्ति गीतों की मधुर धुनों पर पर्यटक और शहरवासी मंत्रमुग्ध नजर आए। पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार एवं जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में उदयपुर पुलिस द्वारा 19 से 26 जनवरी 2026 तक विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 24 जनवरी को शाम 5.30 बजे सहेलियों की बाड़ी में पुलिस बैंड ने वंदे मातरम्, राष्ट्रगान एवं अन्य देशभक्ति गीतों का प्रभावशाली वादन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ सराहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना, युवाओं को भारत की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा वंदे मातरम् के 150 गौरवपूर्ण वर्षों का सम्मान करना है। ऐतिहासिक सहेलियों की बाड़ी के मनोरम वातावरण में प्रस्तुत इस संगीतमय कार्यक्रम ने देशप्रेम का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया।

कल और परसों भी होंगे भव्य कार्यक्रम

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस बैंड के द्वितीय चरण के अंतर्गत आगामी कार्यक्रम इस प्रकार आयोजित होंगे—

जगदीश चौक - 25 जनवरी 2026, शाम 4.00 बजे
दूध तलाई - 25 जनवरी 2026, शाम 5.30 बजे
फतहसागर की पाल - 26 जनवरी 2026, शाम 5.00 बजे

पलक झपकते सुजुकी एक्सेस स्कूटी गायब, जगदीश चौक से स्कूटी चोरी, CCTV में कैद हुआ चोर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में एक बार फिर बदमाश बेखौफ हो गए हैं। सरेआम वाहन चुराने की घटनाएं सामने आ रही है और पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे होते हुए भी पुलिस चोरों के सामने बेबस नजर आ रही है। शहर के व्यस्त इलाके जगदीश चौक–भटियानी चोहट्टा से एक नई स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी गई स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर RJ 27 AL 1139 बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, 14 तारीख की रात करीब 9 बजकर 34 मिनट पर गुलाब बाग रोड स्थित भटियानी चोहट्टा में मकान के बाहर खड़ी सुजुकी एक्सेस 125 सीसी स्कूटी को अज्ञात युवक चुरा ले गया।

बताया गया है कि स्कूटी मालिक कुछ देर के लिए चाबी स्कूटी में ही छोड़कर पानी पीने अंदर गए थे। महज पांच से सात मिनट के भीतर चोर मौके का फायदा उठाकर स्कूटी लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि एक युवक पहले पैदल इलाके की रेकी करता है, आस-पास नजर दौड़ाता है, फिर मौका मिलते ही स्कूटी स्टार्ट कर पलक झपकते ही वहां से निकल जाता है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और स्कूटी की तलाश जारी है।

अगर किसी को RJ 27 AL 1139 नंबर की सुजुकी एक्सेस स्कूटी कहीं दिखाई दे या उससे जुड़ी कोई भी जानकारी मिले, तो नजदीकी पुलिस थाना या स्कूटी मालिक से संपर्क करने की अपील की गई है।

माउंट आबू में पारा माइनस 7 पर, शीतलहर, नया पश्चिमी विक्षोभ 26 से



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में अब शीतलहर के आसार नजर आ रहे हैं। माउंट आबू में बीती रात को पारा माइनस सात डिग्री पर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों में उत्तरी हवाओं के तेज असर से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव आया है। न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री, और अधिकतम तापमान में तीन से नौ डिग्री तक की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

इस बदलाव का सबसे गहरा असर हिल स्टेशन माउंट आबू में देखने को मिला, जहां शुक्रवार रात तापमान सीधे माइनस सात डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया जो इस पूरे सीजन का सबसे निचला स्तर है। शनिवार तड़के माउंट आबू के मैदानों, पेड़-पौधों और गाड़ियों पर बर्फ की मोटी परत जमी नजर आई। ओस की बूंदें जमकर बर्फ में तब्दील हो गईं, और सुबह की हवा में तेज गलन घुल गई। यह सर्दी केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं रही। शेखावाटी और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के इलाकों में ठंड का असर असामान्य रहा। सीकर, बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर के कई ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों, घास और वाहनों पर बर्फ जमने की स्थिति बनी। रबी फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ी है।

प्रदेश के कई हिस्सों में दिन का तापमान तेजी से नीचे चला गया। करीब पंद्रह शहरों में अधिकतम तापमान बीस डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। सिरोही सबसे ठंडा जिला रहा, जहां दिन का तापमान महज 14.8 डिग्री सेल्सियस रहा। जयपुर, दौसा, अलवर, उदयपुर भरतपुर और बीकानेर संभाग में सुबह से ही तेज उत्तरी और बर्फीली हवाएं चलती रहीं। धूप निकलने के बावजूद दिनभर ठिठुरन बनी रही। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के अनुसार उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अगले 48 घंटों तक तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। हालांकि शेखावाटी और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना है। इसके बाद 26 और 27 जनवरी को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। 26 जनवरी की दोपहर बाद राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। 27 जनवरी को

इस सिस्टम का असर सबसे ज्यादा रहेगा

बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, जोधपुर, कोटा और अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और हल्की से मध्यम बारिश की प्रबल संभावना है।

राष्ट्रीय सेवा योजना सप्ताहः 'मैं' नहीं 'हम' की भावना के साथ समाज सेवा का संदेश



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। बांसवाड़ा रोड आडीवाट स्थित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सप्ताह के चतुर्थ दिवस विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने डेरिया फला (कालिका माता मंदिर) स्थल पर सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना एवं युवाओं में सेवा भावना विकसित करना रहा। श्रमदान के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अपनाने और समाज को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. दीपक पंड्या, वंदना व्यास, डॉ. मिलिंद व्यास, गार्गी चौबीसा, सनी सिकलीगर, कल्याण भोई, हितेश जोशी, हिमांक सुथार एवं नयन भट्ट उपस्थित रहे।

विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 24 को

24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के गणेश बस्ती मांडवी चौक में 25 जनवरी को सायं 7.30 बजे विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही एक शाम शहीदों के नाम (म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा) कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर चारभुजा मंदिर में गणेश बस्ती के संभ्रांत नागरिकों की बैठक हुई, जिसमें बस्ती के अध्यक्ष नानालाल दर्जी ने बताया कि इस विराट हिंदू सम्मेलन में बस्ती के बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष सभी अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके लिए बस्ती के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र वितरित किए हैं, साथ ही मुख्य चौराहों को बैनर एवं केसरी पताकाओं से सजाया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार, 25 जनवरी को सायं 7.30 बजे गणेश बस्ती मांडवी चौक में एक शाम शहीदों के नाम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें ऑर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक गायक देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

सहस्त्र फना पार्श्वनाथ भगवान मंदिर पर प्रथम ध्वजा परिवर्तन समारोह सम्पन्न



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 जनवरी। श्री जैन श्वेताम्बर महासभा की ओर से मालदास स्ट्रीट स्थित आराधना भवन के सामने अजीतनाथ जैन मंदिर पर सहस्त्र फना 9 शिखरी पार्श्वनाथ भगवान मंदिर पर ध्वजा परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि पार्श्व वल्लभ सेवा मण्डल की बहिनों द्वारा से सुबह 7.30 बजे 18 अभिषेक उसके बाद 10 बजे सत्तर भेदी पूजा-अर्चना की गई। विजय मुर्हुत में ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर आचार्य जगतचन्द्र सुरी महाराज का सान्निध्य रहा। ध्वजा परिवर्तन के बाद आचार्यश्री का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। महामंत्री कुलदीप नाहर, निर्मल पोरवाल, निमेश पोरवाल, श्रयांस पोरवाल, प्रवीण हुमड़, रजणीत मेहता, डॉ. शैलेन्द्र हिरण, राजेश जावरिया, अशोक पोरवाल, अभिषेक हुमड़, चन्द्र सिंह बोल्या, प्रकाश नागोरी, पवन जैन सहित कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।



दो पत्रकारों व एक टीवी एंकर के खिलाफ संभागभर के थानों में एफआईआर, अंबामाता थाने में खोड़निया ने दर्ज कराया मामला

ढाई साल पुराने बयानों को वर्तमान बताकर प्रकाशित करने का आरोप, जैन समाज में उबाल







24 न्यूज अपडेट

उदयपुर—सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। भारतवर्षीय 18 हजार दशाहुमड़ दिगंबर जैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश खोड़निया के खिलाफ कथित रूप से झूठी व भ्रामक खबरें प्रकाशित कर बदनाम करने के मामले ने उदयपुर संभाग में गंभीर रूप ले लिया है। पेपर लीक प्रकरण से जुड़े ढाई वर्ष पुराने बयानों को वर्तमान घटनाक्रम से जोड़कर प्रसारित किए जाने के आरोप में दो प्रिंट मीडिया पत्रकारों (पत्रिका नहीं) और एक टीवी एंकर के खिलाफ उदयपुर संभाग के विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कराने के लिए रिपोर्टें दी गई हैं। मामले को लेकर समूचे संभाग के जैन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाज का आरोप है कि सुनियोजित तरीके से पुराने, निष्प्रभावी और न्यायिक रूप से निस्तारित मामलों को उछालकर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सामाजिक, राजनीतिक और व्यावसायिक छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया। रिपोर्ट में राजेन्द्र गौतम, संजीव शर्मा (जयपुर) एवं शरद कुमार के खिलाफ आपराधिक मानहानि, षड्यंत्र और पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बांसवाड़ा जिले के घाटोल, गढ़ी, अरथूना, सागवाड़ा, सरोदा एवं निठाउवा सहित कई थानों में भी तीनों के खिलाफ रिपोर्टें दर्ज कराई गई हैं। जैन समाज व युवा संगठनों ने की सख्त कार्रवाई की मांग बांसवाड़ा जैन युवा महासभा सहित विभिन्न जैन संगठनों के पदाधिकारियों ने अरथूना, बांसवाड़ा, बड़ोदिया, घाटोल, सरोदा, दोवड़ा और सागवाड़ा थानों में ज्ञापन व रिपोर्ट सौंपकर आरोपितों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जैन समाज का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रतिष्ठा से जुड़ा है। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

अंबामाता थाने में स्वयं खोड़निया ने दर्ज कराया मुकदमा

मामले में अहम मोड़ तब आया जब दिनेश खोड़निया ने स्वयं उदयपुर के अंबामाता थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि पत्रकारों और टीवी एंकर ने ढाई साल पुराने बयानों को वर्तमान का बताकर प्रकाशित किया, जबकि संबंधित मामले में सिविल कोर्ट में बयान झूठा सिद्ध हो चुका है। इसके बावजूद बार-बार खबरें प्रकाशित कर ब्लैकमेलिंग



और दबाव बनाने का प्रयास किया गया। जांच एजेंसियों से पहले ही मिल चुकी है क्लीन चिट रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं संबंधित पीएमएलए न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा जांच के बाद दिनेश खोड़निया को पूर्णतः निर्दोष मानते हुए क्लीन चिट दी जा चुकी है। न्यायालय के आदेशानुसार निवास से जब्त राशि भी लौटाई जा चुकी है और प्रकरण का विधिवत निस्तारण हो चुका है। इसके बावजूद तथ्यों की पूरी जानकारी होते हुए भी खबरें प्रकाशित किए जाने को दुर्भावनापूर्ण बताया गया है।

वंडर सीमेंट राजस्थान सरकार के ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित!



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा/वंडर सीमेंट लि., आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा को राजस्थान सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा सीमेंट उद्योग श्रेणी में प्रतिष्ठित राजस्थान ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (RECA 2024) से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन ने वंडर सीमेंट के सहायक उपाध्यक्ष मदन मोहन माहेश्वरी एवं पीयूष जोशी सहित कम्पनी के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया की ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों हेतु जयपुर में आयोजित समारोह के दौरान राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अजिताभ शर्मा (आईएएस) द्वारा यह पुरस्कार वंडर सीमेंट को प्रदान किया गया। युनिट हेड जैन ने यह अवॉर्ड वंडर सीमेंट के सभी कर्मचारियों को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान कम्पनी द्वारा आधुनिकीकरण एवं नवाचारों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के प्रति किये गये उल्लेखनीय कार्यों का परिणाम है। इन प्रयासों से बिजली की खपत में कमी आई है, जो ऊर्जा संरक्षण, स्थिरता और संचालन उत्कृष्टता के प्रति वंडर सीमेंट की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रगति ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कुशल प्रौद्योगिकियों को शामिल करने, आवश्यक संयंत्र उपकरणों को बेहतर करने, नई नियंत्रण प्रणालियों को स्थापित करने और ऊर्जा उपयोग की निरंतर देख-रेख से संभव हो पायी है। इन सभी प्रयासों से ऊर्जा की खपत कम हुई है और कंपनी का पर्यावरणीय प्रभाव भी न्यूनतम हुआ है।

नय्यूम खान की फिल्म 'द रिटर्न ऑफ द आर्मीमेन' देशभक्ति की भावना को देगी नया आयाम



24 न्यूज अपडेट

6 फ़रवरी को देश भर में होगी रिलीज

उदयपुर। नय्यूम खान फ़िल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित बहुप्रतीक्षित फ़िल्म 'द रिटर्न ऑफ द आर्मीमैन' देशभक्ति और बलिदान की भावना को बड़े पर्दे पर जीवंत करने जा रही है। इस फ़िल्म के निर्माता एवं मुख्य अभिनेता स्वयं नय्यूम खान हैं, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट के माध्यम से समाज को एक सशक्त संदेश देने का प्रयास किया है।


फ़िल्म की कहानी ऑपरेशन सिंदूर और पहले गाँव पर हुए आतंकी हमले से प्रेरित है, जिसमें भारतीय सेना के साहस, समर्पण और राष्ट्रभक्ति को प्रमुखता से दर्शाया गया है। यह फ़िल्म न केवल एक एक्शन ड्रामा है, बल्कि इसमें देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जवानों के प्रति गहरी श्रद्धा और भक्ति भाव भी समाहित है।

नय्यूम खान ने बताया कि यह फ़िल्म उन वीर सैनिकों को समर्पित है, जो सीमाओं पर रहकर देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि 'द रिटर्न ऑफ द आर्मीमैन' का उद्देश्य युवाओं में देशप्रेम की भावना को और मजबूत करना है।

फ़िल्म की शूटिंग विभिन्न वास्तविक लोकेशनों पर की गई है, जिससे इसकी कहानी और भी प्रभावशाली बन पड़ी है। नय्यूम खान के दमदार अभिनय के साथ फ़िल्म में सशक्त संवाद, भावनात्मक दृश्य और देशभक्ति से ओत-प्रोत संगीत दर्शकों को खास अनुभव देने वाला है।

जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही यह फ़िल्म देशभक्ति सिनेमा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

आईएफएस 2024 बैच के युवा अधिकारियों ने की राज्यपाल आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार भेंट, पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत चर्चा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के वर्ष 2024 बैच के पांच नव नियुक्त युवा अधिकारियों ने गुजरात लोकभवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा, वन संसाधनों के सतत प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समसामयिक और महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। भेंट के दौरान अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं तथा उन्हें वन संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और टिकाऊ विकास के लक्ष्यों को प्राथमिकता देते हुए कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। चर्चा में यह भी रेखांकित किया गया कि वर्तमान समय में बढ़ते औद्योगीकरण और शहरीकरण के बीच पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। शिष्टाचार भेंट का फोटो विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारतीय वन सेवा के अधिकारी प्रकृति, वन्यजीव और मानव समाज के बीच सामंजस्य स्थापित करने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वन्यजीवों की सुरक्षा, वनों का संरक्षण, जैव विविधता को बनाए रखना और स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है। साथ ही यह भी बताया गया कि वन अधिकारी न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि मानव जीवन की गुणवत्ता सुधारने और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर युवा अधिकारियों को नवाचार, आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जनसहभागिता के माध्यम से कार्य करने का संदेश दिया गया। विश्वास व्यक्त किया गया कि इन अधिकारियों की ऊर्जा, नई सोच और कार्यक्षमता एक हरित, सुरक्षित और समृद्ध भारत के निर्माण में निर्णायक सिद्ध होगी।

महावीर इंटरनेशनल उदयपुर द्वारा रक्तदान जागरूकता रैली का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 जनवरी। शहर में महावीर इंटरनेशनल उदयपुर के तत्वावधान में महावीर विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई। अध्यक्ष रवीन्द्र सुराणा ने बताया कि स्कूल के अध्यापकों एवं बच्चों ने सभी शहरवासियों को पैंपलेट वितरण कर रक्तदान का महत्व समझाया। मानव समाज की सेवा की इस कड़ी में इस साल का पहला विशाल रक्तदान शिविर तथा इस कार्यकारिणी का पांचवां रक्त दान शिविर गणेश घाटी, घंटाघर स्थित विद्यालय परिसर में महावीर इंटरनेशनल, शीतलनाथ मंदिर ट्रस्ट तथा महावीर विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है।

महावीर इंटरनेशनल सचिव सुरेश बड़ीवाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन को भी इस सेवा कार्य के बारे में जानकर अच्छा लगा। कोषाध्यक्ष अशोक खुर्दिया, विद्यालय निदेशक गजेंद्र मेहता के साथ तीनों संस्थाओं के पदाधिकारी ने आज घंटाघर थानाधिकारी कर्मवीर सिंह से मुलाकात कर उन्हें भी जुड़ने के लिए अनुरोध करा। शिविर संयोजक नकुल मेहता ने बताया कि इस गणतंत्र दिवस पर न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को और मजबूत करने के लिए यह शुभ दिन रखा है तथा समस्त शहरवासियों से रक्तदान हेतु पधारने का अनुरोध किया है। रवीन्द्र सुराणा ने बताया कि नियमित रूप से रक्तदान करने से हृदय संबंधी जोखिम कारकों को कम किया जा सकता है। नियमित रक्तदान से रक्त की चिपचिपाहट कम होती है, जिससे रक्त के थक्के जमने, दिल का दौरा पडने या स्ट्रोक होने की संभावना कम हो जाती है। आज कल युवाओ में हार्ट अटैक काफी बढ़ रहे है उसके लिए रक्त दान काफी महत्वपूर्ण है ।

'राष्ट्रीय बालिका दिवस' पर जागृति योजना अंतर्गत छात्राओं को दी विधिक जानकारी



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति खैरवाडा के अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायालय के न्यायाधीश डॉ .जगदीश कुन्तल के निर्देशन में उपखंड खैरवाड़ा के राजकीय कन्या महाविद्यालय खैरवाड़ा में शनिवार 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 'न्याय आपके द्वार' जागृति योजना के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तालुका विधिक सेवा समिति खैरवाड़ा के सचिव महेश कुमार मीणा थे। उन्होंने छात्राओं को सदैव सकारात्मक सोच रखकर लक्ष्य निर्धारित कर उच्च पदों पर सुशोभित होने व जीवन में आगे बढ़ने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं पीएलवी चन्दूलाल मेघवाल ने छात्राओं को वर्तमान अपराध एवं इनके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए मानसिक प्रताड़ना, घरेलू हिंसा बाल- विवाह जैसे विविध प्रकार के गंभीर अपराध न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करते बल्कि समाज के लिए भी घातक है। 295 छात्राओं को बाल विवाह एवं अपराध से दूर रहने राजस्थान पीड़ित प्रतिकार स्कीम की जानकारी दी गई। यातायात नियमों, पोक्सो एक्ट 2012 (लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम) घरेलू हिंसा और शोषण तथा जबरन बाल श्रम के दुष्परिणामो सहित विविध प्रकार की कानूनी जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रवीण पण्डया, खैरवाड़ा टीएलएसए महेश कुमार मीणा, प्रो.सुमन राठौड़, दीपांक अहारी, डॉ. दूर्गा सिंह गौड़, डा.सीमा डांगी सहित महाविद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

उदयपुर के शिवांग हल्देनिया ने नेशनल पावरलिफ्टिंग में जीता कांस्य पदक

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में हरिद्वार में आयोजित नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उदयपुर के शिवांग हल्देनिया ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक (Bronze Medal) हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल



अपने परिवार का, बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। कड़ी मेहनत का परिणाम शिवांग हल्देनिया पुत्र विशाल हल्देनिया की इस सफलता के पीछे उनका कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास रहा है। राष्ट्रीय स्तर की इस कड़ी प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें शिवांग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किया। शिवांग की इस गौरवशाली उपलब्धि पर रूप सिंह, सनाउल्लाह खान सहित उनके परिजनों और मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल टांक ने इस जानकारी को साझा करते हुए बताया कि शिवांग की यह जीत अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने शिवांग को बधाई देते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

राहु-ल काल में UDA में उठा RTI का जनाजा, "मुझ पर एक अहसान करना, मुझ पर कोई अहसान मत करना!!!"

24 न्यूज अपडेट



रिपोर्ट- जयवंत भैरविया

उदयपुर। उदयपुर विकास प्राधिकरण में अगर आपका लोक सूचना अधिकारी याने कि यूडीए सचिव से कोई काम पड़ जाए या कहीं किसी सरकारी पत्रावली में उनके नाम के कागजातों के दर्शन हो जाएं तो सावधान हो जाइये। आपके साथ ऐसा धोखा भी हो सकता है। सचिव साहब आपका ही आवेदन आपको दस्तावेज के रूप में वापस पकड़ा कर कभी भी लीगली कह देंगे कि हमने तो दस्तावेज दे दिया। आप घनचक्कर होकर उपर शिकायत करेंगे तो वहां भी जवाब देंगे कि हमने तो दस्तावेज दे दिया। खामख्वाह हमारा 'टाइम खोटी' कर रहे हैं। उसके बाद आप क्या करेंगे? झल्लाएंगे! हंसेंगे! खुद को कोसेंगे! या फिर ढिंढोरा पीट कर सचिव साहब की नादानी का बखान करते फिरेंगे। कहेंगे कि इतना अज्ञानी कोई हो सकता है क्या?? सरकारी सिस्टम में रहते हुए इतनी बड़ी महामूर्खता कोई कर सकता है क्या?

"तुम मुझे आवेदन दो, मैं तुम्हें फोटो कॉपी दूंगा"

काम नहीं करने के बहाने बना कर टालने वाले गोलीबाज तो सिस्टम में पग—पग पर मिल जाएंगे मगर यहां तो उनके भी सरताज बैठे हैं?? लगता है जैसे फोटो कॉपी मशीन एकदम रेडी टू प्रिंट साथ लेकर तैयार बैठे रहते हैं—तुम मुझे आवेदन दो, मैं तुम्हें फोटो कॉपी दूंगा....। आप कहेंगे कि सचिव साहब, मुझपे एक अहसान करना, मुझ पर कोई अहसान मत करना।

राहु—ल काल और RTI का मज़ाक

यूडीए के राहु—ल काल में बहुत सारी बातें अजब—गजब की हो रही हैं। उदयपुर विकास प्राधिकरण के सचिव जो लोक सूचना अधिकारी भी हैं—हेमेंद्र नागर साहब!! सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के आवेदनों को ऐसे हल्के में ले रहे हैं जैसे ये कोई फालतू का टाइम पास, अनवांटेड काम हो। ये लगता है कसम खाकर बैठे हैं कि आवेदक को उसका ही आवेदन सूचना के रूप में वापस चिपका कर जमकर मजे लेने हैं। सचिव साहब को आरटीआई आवेदन का मजाक और आवेदकों को फुटबॉल बनाने का खेल बहुत रास आ रहा है। तो, आज हम भी उसी अंदाज में जनता के पक्ष में खड़े होकर कुछ सवालों की फिरकी वाली फुटबॉल उनकी तरफ उछालना चाहते हैं।

अब सुनिये सच बेधड़क!!

भ्रष्टाचार की सड़क, नोट कड़क... ऐसे अफसर हों तो क्यों ना बने घपलेबाज बेधड़क!! अब सुनिये सच बेधड़क!! उदयपुर में कोडियात टनल का नाम तो सुना होगा। उसके पास बनी हुई है आलीशान होटल ताज अरावली। वहां तक जाने के लिए एक आलीशान सड़क नदी पेटे में ही बना दी गई है। टनल के ऊपर की तरफ पहाड़ी काटकर होटल का निर्माण भी बिंदास हो रहा है।

पहाड़ी कटान, नदी पेटा और सरकारी जमीन पर कब्जा और तो और जल संसाधन विभाग की आराजी संख्या 158, 131 व 134 पर कब्जा करके मजे से उसका उपयोग भी किया जा रहा है। ये सब बिल्कुल चौड़े धाड़े, सीना ठोककर किया जा रहा है। क्योंकि होटल को पता है कि UDA में हेमेंद्र नागर जैसे शुभचिंतक अधिकारी बैठे हैं। शिकायत आते ही उधर से आलू डालेंगे, उधर से सोना निकलने लग जाएगा??? जल संसाधन विभाग तो पहले ही एकदम पानी—पानी है रसूख के आगे इसलिए उसके अफसरों ने तो मुंह फेर लिया है।

1000 करोड़ का निवेश और बढ़ता हौसला

अब तो बताया जा रहा है कि विश्व प्रसिद्ध ब्लैक स्टोन ग्रुप ने 1000 करोड़ का इनवेस्टमेंट कर 50 % हिस्सेदारी भी इस आलीशन होटल में खरीद ली है। अब वापस आते है मुद्दे पर। उदयपुर शहर के लिये बनाई गई देवास परियोजना की कोडियात टनल और अमरजोक नदी में भराव डाल कर 50 से 60 फीट चौड़ी सड़क बनाई गई है। इस सड़क को किसने बनाया, इसकी कितनी लागत आई, आम आदमी इस सड़क पर जा सकता है या नहीं, होटल से लगती हुई UDA स्वामित्व की जमीन कौन कौन सी है, किस पर होटल का कब्जा है, और कब्जे पर क्या कार्यवाही की गई, होटल को सीवर लाइन डालने की स्वीकृति दी या नहीं??? आदि सवाल तो बनते हैं ना।

इन बिन्दुओं पर मांगी गई सूचना

जब सवाल उठे तो 6 बिंदुओं की सूचना UDA से मांगी गई। 6 बिंदुओं की सूचना इस प्रकार है—

(1) UIT / UDA द्वारा होटल ताज अरावली

(2) होटल ताज अरावली के परिसर से लगती हुई UDA स्वामित्व की जमीन

(3) होटल ताज अरावली द्वारा अमरजोक नदी में डाली गई सीवर लाइन

(4) सरकारी भूमि पर किये गए अतिक्रमण पर कार्यवाही

(5) अमरजोक नदी पर बनाई गई पुलिया

(6) ग्राम बुझड़ा के ग्रामीणों पर लगाए गए प्रतिबंध के आदेश

सूचना को बनाया मज़ाक, आवेदन ही सूचना बना दिया

राहु—ल काल में UDA में सचिव साहब ऐसा लगता है ओजस्वी, अति बुद्धिमान और ज्यादा ही सयाने लोगों की मंडली से घिरे हुए हैं। आरटीआई आवेदन आते ही लगने लगा कि ये सूचना दे दी तो 'इधर आलू डालो—उधर सोना निकलेगा' वाली स्कीम का क्या होगा??? 30 दिन निकलने के बाद सचिव साहब ने आवेदक पर दुनिया का सबसे नायाब एहसान कर दिया। आवेदन को ही फोटो कॉपी करवा के सूचना के रूप में अपलोड कर दिया।

"प्रिंटर का टोनर खराब हो गया क्या?"

आवेदक के दिमाग का दही हो गया इसके बाद फिर से नया आवेदन दिया गया। मगर अबकी बार सचिव साहब ने कोई जवाब ही नहीं दिया। मौनी बाबा बनके बैठ गए। आवेदक ने सोचा— लगता है प्रिंटर का टोनर खराब हो गया होगा!!

जाएं तो कहां जाएं, यहां तो हर शाख पे उल्लू बैठा है

प्रथम अपील की गई, सुनवाई UDA आयुक्त राहुल जैन को करनी थी। मगर उन्होंने भी सुनवाई नहीं की। इसके बाद राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील की गई। न सचिव हेमेंद्र नागर पहुंचे, न कोई अधिवक्ता। फोटो कॉपी वाले कांड को ही "सूचना दे दी" बताकर आयोग को टोपी पहना दी गई। सूचना आयुक्त सुनील शर्मा ने बिना जांचे-परखे अपील खारिज कर दी और रेस-जुडिकेटा का प्रवचन लिख दिया। इसलिए हम कहते हैं—अगर आपकी किसी भी फाइल में नागर साहब का कागज लगा है तो ध्यान से देख लीजिएगा। यहां तो सूचना का मामला है, अगर जमीन का मामला हुआ तो लेने के देने पड़ जाएंगे। UDA के सचिव से लेकर सूचना आयोग तक पूरे कुएं में भांग मिली हुई है। पद के घमंड में बैठे इन मोटी तनख्वाह वाले अधिकारियों ने ऐसा ही खेल दोहराया तो तय है— सेल्फ गोल होगा!!! पुरखे कह गए हैं— गुमान किस बात का, जनाजे उठाने वालों का भी एक दिन जनाजा जरूर उठता है।

जैनेश्वरी दीक्षा महोत्सवः मुमुक्षु रविशा इति पोरवाल के वर्षीदान का भव्य वरघोड़ा कल



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मुमुक्षु रविशा इति पोरवाल के जैनेश्वरी दीक्षा महोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला में शनिवार को स्नात्र पूजा एवं सांझी-संगीतमय उपरण वंदनावती का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर जैन भक्ति गीतों से गूंज उठा, जहां सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं भक्ति भाव में झूमते नजर आए। श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि संगीतकार मंथन शाह के सान्निध्य में प्रभु भक्ति, महापूजन एवं शक्रस्तव अभिषेक सम्पन्न हुआ। वहीं सायंकाल निमेश सवाणी के निर्देशन में संवेदना एवं मातृ-पितृ वंदनावली का भावपूर्ण आयोजन किया गया। नाहर ने बताया कि रविवार, 25 जनवरी को प्रातः 9 बजे मंगलम कॉम्पलेक्स, शोभागपुरा से मुमुक्षु रविशा इति पोरवाल के वर्षीदान का भव्य वरघोड़ा निकलेगा, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए आयड़ जैन तीर्थ पहुंचेगा। वहां प्रातः 11 बजे संगीतकार हेनी भाई की मधुर स्वर-लहरियों के बीच सम्मान समारोह आयोजित होगा। यशवंत जैन, राकेश पोरवाल, अशोक राजनगर वाला, चन्द्रप्रकाश राजनगर वाला, नितेश पोरवाल, निर्मल पोरवाल, रवि मुर्डिया, उदित शाह, हितेश पोरवाल, यशवंत पोरवाल सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि मुमुक्षु रविशा इति पोरवाल की जैनेश्वरी दीक्षा आचार्य योग तिलक सुरिश्वर महाराज की निश्रा में 8 फरवरी को मुंबई (बोरीवली) में होगी। इसी अवसर पर 62 अन्य दीक्षार्थी भी दीक्षा ग्रहण करेंगे।

"हमारी ताकत और हमारा गर्व हैं हमारी बेटियाँ" - कुलपति प्रो.सारंगदेवोत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक गरिमामय और प्रेरणादायी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवरलाल गुर्जर तथा डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़ ने चयनित बालिकाओं को उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वतंत्रता केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर गंभीर विमर्श का विषय है। उन्होंने कहा कि भले ही शिक्षा के आंकड़े हमें संतोषजनक प्रतीत होते हों, लेकिन समाज की मानसिकता में अपेक्षित बदलाव अब भी अधूरा है। आज भी बालिकाओं के आगे बढ़ने के मार्ग में अनावश्यक रोक-टोक और अवसरों की कमी दिखाई देती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक हमारी सोच नहीं बदलेगी, तब तक बालिकाओं के सपनों को साकार करना संभव नहीं होगा। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि समाज को ऐसी दुनिया के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना होगा, जहाँ बेटियाँ भी बेटों की तरह बिना किसी भेदभाव के अपने सपनों को पूरा कर सकें। आज की बेटियाँ अपनी काबिलियत और आत्मविश्वास के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं—यहाँ तक कि भारतीय सेना जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आज बेटियाँ केवल परिवार का सम्मान ही नहीं, बल्कि उसकी ताकत और आत्मगौरव बन चुकी हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि समाज में अब सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है और बेटियों के जन्म पर खुशियाँ मनाने की परंपरा पुनः सशक्त हो रही है, जो एक स्वस्थ सामाजिक बदलाव का संकेत है। कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवरलाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि आज की बेटियाँ घर की दहलीज लांघकर हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं और देश का नाम राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि एक महिला शिक्षित होती है, तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। आवश्यकता इस बात की है कि समाज से लड़के और लड़कियों के बीच के भेदभाव को समाप्त कर दोनों को समान अधिकार और समान अवसर प्रदान किए जाएँ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं संकाय सदस्य प्रो. आई.जे. माथुर, डॉ. संतोष लाम्बा, डॉ. शीतल चुघ, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. अनिता राजपूत सहित अनेक शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य, समानता और सशक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

भगवान श्री नामदेव जी महाराज के बोधिसत्व दिवस बसंत पंचमी पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा। श्री नामदेव टांक क्षत्रिय दर्जी समाज निंबाहेड़ा द्वारा उनके आराध्य देव संत शिरोमणि भगवान श्री नामदेव जी महाराज के बोधिसत्व दिवस बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा आजाद चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री ढाबेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ भगवान नामदेव जी महाराज की महाआरती के साथ समारोह का समापन हुआ। शोभा यात्रा के दौरान परशुराम सर्कल पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री नामदेव जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, नगर मंत्री आशीष बोडाना, मनीष कासट, भाजयुमो के हितेश जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में श्री नामदेव समाज के जनो ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता निभाई, जिससे संपूर्ण नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

निशी काबरा(कनेरा,राजस्थान) का राष्ट्रीय परेड गणतंत्र दिवस पर दिल्ली हेतु चयन



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। पूर्व पंचायत समिति सदस्य, निम्बाहेड़ा एवं अध्यक्ष माहेश्वरी समाज कनेरा (राजस्थान) सुरेश जी काबरा की सुपौत्री एवं निशांत(सोनू) काबरा की पुत्री सुश्री निशी काबरा के बिरला विद्यापीठ पिलानी में अध्यनरत रहते हुए 26 जनवरी 2026 को आयोजित गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में परेड हेतु चयन हुआ है यह चयन चित्तौड़गढ़ जिले एवं राजस्थान के लिए एक गौरव का विषय है।

खुशीतोतला राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस दिल्ली परेड का हिस्सा बनेगी



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। निंबाहेड़ा की सुश्री खुशी तोतला सु पौत्री प्रमुख खाद बीज व्यवसाई एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व रीजन चेयरमैन सुरेशतोतला बिरला विद्यापीठ पिलानी में अध्यनरत रहते हुए 26 जनवरी 2026 को आयोजित गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में गर्ल्स एन सी सी पिलानी बैंड का हिस्सा बनकर प्रदर्शन करेगी। यह चित्तौड़गढ़ जिले एवं राजस्थान के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर लायंस क्लब एवं कृषि विपणन विक्रेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

भाकपा उदयपुर जिला परिषद की विस्तारित बैठक संपन्न, डॉ. भूपाल चंद्र मेहता को दी श्रद्धांजलि

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (भाकपा) उदयपुर जिला परिषद की विस्तारित बैठक आज पार्टी कार्यालय, रेती स्टैंड पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पदम सिंह ने की। बैठक की शुरुआत वरिष्ठ वामपंथी चिंतक एवं पूर्व एमएलएसयू अर्थशास्त्र प्राध्यापक डॉ. भूपाल चंद्र मेहता के 21 दिसंबर 2025 को निधन पर शोक प्रस्ताव से की गई। डॉ. प्रीतम जोशी ने उनके जीवन और योगदान को साझा किया, और सभी ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजली अर्पित की। जिला सचिव हिम्मत चांगवाल ने आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों पर सभी तहसील शाखाओं को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में तहसील शाखा सचिवों ने स्थानीय गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और खाद की कालाबाजारी, फलासिया क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या तथा ट्यूबवेल निर्माण में प्रशासनिक बाधाओं पर चर्चा की। बैठक में सहायक सचिव गेबि लाल डामोर, सचिव मंडल के सदस्य सुभाष श्रीमाली, सुरेश मीणा, लहरा भील, थावर चंद, नाथू भील, मीरा तावड़, कमलेश, कमजी मीणा, केशु लाल, ठाकुर जी मीणा, अमरचंद, धूला जी, सुख जी, गोविंद सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में बैठक के अध्यक्ष पदम सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

भगवान श्री नामदेव जी महाराज के बोधिसत्व दिवस बसंत पंचमी पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा। श्री नामदेव टांक क्षत्रिय दर्जी समाज निंबाहेड़ा द्वारा उनके आराध्य देव संत शिरोमणि भगवान श्री नामदेव जी महाराज के बोधिसत्व दिवस बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा आजाद चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री ढाबेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ भगवान नामदेव जी महाराज की महाआरती के साथ समारोह का समापन हुआ। शोभा यात्रा के दौरान परशुराम सर्कल पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री नामदेव जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, नगर मंत्री आशीष बोडाना, मनीष कासट, भाजयुमो के हितेश जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में श्री नामदेव समाज के जनो ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता निभाई, जिससे संपूर्ण नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।